CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 97 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 23 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## दिनदहाड़े महिला की पत्थर से हत्या, कोठारी नदी किनारे शव मिलने से सनसनी






**भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास**

सदर थाना क्षेत्र के सुवाणा पंचायत समिति के पूरावतों का आकोला सरहद स्थित कोठारी नदी के पास सोमवार को एक अज्ञात महिला की पत्थर से निर्मम हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में दहशत फ़ैल गई।

सोमवार शाम को चरवाहों ने चरागाह भूमि में खून से सनी महिला की लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मृतका की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। हत्या में प्रयुक्त खून सना पत्थर भी घटनास्थल से बरामद हुआ।

शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि महिला ने हमलावर का मुकाबला करने की कोशिश की थी। स्थल पर संघर्ष के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव और हत्या में प्रयुक्त पत्थर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। महिला के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला है । हालांकि, उसके दाहिने हाथ पर मुकेश संग रतनी गुदा मिला है। इसी के आधार पर पुलिस पहचान की कोशिश कर रही है। मृतका ने काले रंग का ब्लाउज, हरे रंग का पेटीकोट, सफेद लहंगा और क्रीम रंग की ओढ़नी पहनी हुई थी। पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है।

### निर्मम हत्या की वारदात से फैली दहशत

निर्मम हत्या की खबर मिलते ही आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। लोग घटना की भयावहता से स्तब्ध हैं। पुलिस का कहना है कि किसी भी सुराग को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और हत्यारे तक पहुंचने के लिए हर पहलू पर जांच की जा रही है।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज -

पुलिस में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल स्थिति मोर्चरी में रखवाया है। प्राथमिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि हत्या सिर पर पत्थर मारकर की गई। पुलिस चरवाहों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है तथा घटनास्थल की ओर जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल मृतका की पहचान और कातिल की गिरफ्तारी पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भीलवाड़ा दौरे पर

### नगर निगम में निरीक्षण और हमीरगढ़ में करेंगे उद्घाटन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचेगे। इस दौरान वे नगर निगम और हमीरगढ़ में शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण करेंगे और फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री का दौरा प्रशासन और नागरिक सेवा को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

सूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री दोपहर 12:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा भीलवाड़ा के लिए रवाना होंगे। दोपहर 1:25 बजे वे भीलवाड़ा पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे और सीधे नगर निगम पहुंचकर शहरी सेवा शिविर का अवलोकन करेंगे।

नगर निगम के निरीक्षण के बाद वे दोपहर 2:35 बजे हमीरगढ़ के लिए हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होंगे। दोपहर 3 बजे हमीरगढ़ हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री नगर पालिका हमीरगढ़ में शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण करेंगे। शाम 4 बजे वे हमीरगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन का भव्य उद्घाटन करेंगे।

कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री शाम 5 बजे हमीरगढ़ से हेलीकॉप्टर द्वारा जयपुर वापस प्रस्थान करेंगे। इस दौरे से क्षेत्र में प्रशासनिक गतिविधियों और नागरिक सेवाओं को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## चेनपुरा पुलिया पर फिर हादसा, दो युवक बनास नदी में बहे

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

**विक्रम सिंह** । कस्बे और पारोली क्षेत्र में सोमवार को चेनपुरा पुलिया पर बड़ा हादसा हो गया। गड़बोदिया गांव के दो युवक-रामनिवास और गोपाल-बनास नदी के तेज बहाव में बाइक समेत बह गए। हादसे की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, दोनों युवक सुबह अपने साथी कान्हा के साथ पारोली गए थे। कान्हा की बाइक से पहुंचे युवक वहां से नई बाइक खरीदकर लौट रहे थे। वापसी में जब वे चेनपुरा पुलिया से नदी पार कर रहे थे, तभी तेज बहाव में उनका संतुलन बिगड़ गया और दोनों नई बाइक समेत नदी में बह गए। पीछे आ रहे कान्हा ने यह दृश्य देखा और तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पारोली थाना प्रभारी प्रभाती लाल कोठाज, काछोला प्रशासक गोपाल सिंह, पटवारी अभिषेक खांडल सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। देर रात तक दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं मिल सका।





गौरतलब है कि चेनपुरा पुलिया पर यह दस दिनों के भीतर दूसरी दुर्घटना है। इससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बारिश से नदी का जलस्तर ऊंचा है और पुलिया पर सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण हादसे हो रहे हैं। लोगों ने पुलिया पर पुख्ता सुरक्षा उपाय किए जाने की मांग की है।

## गहलोत ने केंद्र-राज्य सरकार पर उठाए गंभीर सवाल, जीएसटी और कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर जताई चिंता




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को भीलवाड़ा दौरे पर सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्र और राज्य सरकार पर तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जीएसटी प्रणाली की शुरुआत ही गलत तरीके से हुई और मोदी सरकार के कई स्लैबों ने व्यवसायों में असमंजस और आतंक पैदा किया।

गहलोत ने कन्हैयालाल हत्याकांड पर जवाब मांगते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के दो कार्यकर्ता इसमें शामिल थे, जबकि एनआईए गवाहों के बयान लेने में देरी कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद, सरकारी नौकरी और चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई। राज्य में प्रशासनिक सुस्ती और आमजन की सुनवाई न होने पर चिंता जताते हुए गहलोत ने कहा कि जनता का विश्वास खत्म हो चुका है। उन्होंने वोट चोरी और चुनाव प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल उठाए और चेतावनी दी कि कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतर्क रहेगी।

## भजनलाल सरकार जनसेवा में समर्पित, कांग्रेस का एजेंडा सिर्फ नकारात्मक राजनीति : राठौड़



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष द्वारा भजनलाल शर्मा सरकार को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को भ्रामक और तथ्यहीन बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, जबकि भाजपा सरकार संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय भ्रष्टाचार, अपराध और माफियाओं को खुली छूट मिली थी, जबकि वर्तमान सरकार अपराधियों और पेपरलीक माफियाओं पर लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर केवल भ्रम फैलाने की राजनीति करने का आरोप लगाया। कन्हैयालाल हत्याकांड पर राठौड़ ने गहलोत से सवाल किया कि कांग्रेस सरकार के समय निर्दोष दर्जी की हत्या रोकने में पुलिस और खुफिया एजेंसियां नाकाम क्यों रहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस घटना में तुष्टिकरण की नीति अपनाई, जबकि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग हैं।

## पुलिस ने 102 किलो डोडा चूरा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार, दूसरा फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)**। सवाईपुर चौकी पुलिस ने रविवार रात अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बलेनो कार से 102 किलो डोडा चूरा जब्त किया और एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस ने कार्रवाई कार्यवाहक थानाधिकारी बड़लियास जय सुल्तान के नेतृत्व में की ।

जानकारी के अनुसार, रविवार को थाना बड़लियास की चौकी सवाईपुर के कांस्टेबल श्रवण कुमार और मुकेश कुमार गश्त कर रहे थे, तभी बिगोद की ओर से एक सफेद बलेनो कार तेज गति से आती दिखी। कार में दो लोग सवार थे, जो संदिग्ध प्रतीत हुए। कांस्टेबलों ने कार का पीछा कर चौकी सवाईपुर के सामने बैरिकेड लगाकर गाड़ी रुकवाई । इस दौरान पुलिस को देख कार सवार भागने लगे , चालक राहुल तेली पिता गिरधारी लाल तेली, निवासी साडास, जिला चित्तौड़गढ़ को पकड़ लिया




गया, जबकि अन्य युवक हितेश चौधरी मौके से भाग निकला ।

तलाशी के दौरान कार में पीछे की सीट और डिग्गी में रखे काले रंग के प्लास्टिक कट्टों की जांच की गई। पाँच कट्टों में कुल 102.590 किलो डोडा चूरा बरामद हुआ। थानाधिकारी जय सुल्तान ने कार और डोडा चूरा को जब्त कर राहुल तेली को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है । कार्रवाई में कांस्टेबल श्रवण कुमार और मुकेश कुमार सवाईपुर चौकी , कांस्टेबल शैतान सिंह बड़लियास थाना सहित अन्य टीम सदस्य शामिल रहे।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का माली समाज ने किया स्वागत



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भीलवाड़ा आगमन पर सर्किट हाउस में प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली के नेतृत्व में मेवाड़ी पगड़ी व माला पहना कर स्वागत-सम्मान किया गया । इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री से राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। सम्मान के दौरान माली सैनी महासभा के जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली, जिला महामंत्री सत्यनारायण माली, उपाध्यक्ष शोभालाल माली, लादू लाल माली, गणेश गहलोत, राजकुमार माली, नानूराम गोयल, लालचंद माली, भगत प्रजापत, सोशल मीडिया प्रभारी रोशन गढ़वाल सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे ।

# जोगणियां माता मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव का भव्य शुभारंभ , पहले दिन दर्शन के लिए उमड़ी भीड





भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं

**रमेश / दिनेश गुर्जर।** मेवाड़ के प्रमुख शक्तिपीठ स्थल जोगणियां माता मंदिर में सोमवार को शारदीय नवरात्र महोत्सव का भव्य शुभारंभ ध्वजारोहण, घट स्थापना और माता रानी की आरती के साथ संपन्न हुआ। जोगणियां माता संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन ही हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर पर शीश झुकाकर सुख-समृद्धि की कामना की। महोत्सव के दौरान सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। दोपहर 12=15 बजे श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही अखंड रामायण पाठ, गायत्री पुरुष चरण, वेद पाठ, योग प्रदर्शन और स्त्रोत पाठ का आयोजन भी किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बेगूं पुलिस प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात किया, वहीं संस्थान ने भी सुरक्षा एजेंसी लगाई।

शुभारंभ कार्यक्रम में मेंढकी महादेव के महंत नंदकिशोर दास, विधायक प्रतिनिधि शंभू लाल धाकड़, एडवोकेट कैलाश चंद्र मंत्री, नायब तहसीलदार विष्णु लाल यादव, लीला शंकर धाकड़, गोपाल लाल धाकड़, जिला परिषद सदस्य प्रभु लाल धाकड़, लीला शंकर धाकड़ शादी, विहिप के एडवोकेट राकेश ओझा, बेगू नगर पालिका अध्यक्ष रंजना शर्मा, नारायण लाड। जोगणियां माता शक्तिपीठ प्रबंधन एवं विकास संस्थान के पदाधिकारी= भंवर लाल त्रिपाठी, पंडित महेंद्र भट्ट, प्रेमचंद धाकड़, रमेश गुर्जर सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# जीएसटी बचत उत्सव से जिले में जागरूकता, व्यापारियों और ग्राहकों को मिली जानकारी



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले में सोमवार को जिला प्रशासन और कर विभाग द्वारा जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम के तहत एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम लोगों और व्यापारियों को जीएसटी दरों में हुई कमी का उचित लाभ दिलाना और उन्हें इसके प्रति सचेत करना रहा। अभियान के दौरान विभाग के अधिकारी लोगों के बीच पहुंचे और उन्हें जीएसटी से जुड़े नियमों और लाभों की जानकारी दी, ताकि उपभोक्ता खरीदारी के दौरान मूल्य में हुई कमी का लाभ आसानी से उठा सकें। इस अवसर पर विभाग के अपर आयुक्त कानाराम, वाणिज्य कर अधिकारी शैलू छाजेड़ और विजयलक्ष्मी मीणा, सहायक वाणिज्य कर अधिकारी राकेश खोईवाल, कनिष्ठ वाणिज्य कर अधिकारी अल्पेश खत्री और दिनेश काबरा उपस्थित रहे।

जागरूकता अभियान के बाद मंगलवार को मेवाड़ चेम्बर्स में जिला कलेक्टर, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और कर विभाग के अधिकारी व्यापारियों और व्यापारिक संगठनों के साथ एक सभा आयोजित करेंगे। इसमें आम उपभोक्ताओं तक जीएसटी में की गई कमी का लाभ पहुँचाने और उन्हें इसके अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# सरपंच के निलंबन पर हाईकोर्ट से राहत

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

किशनगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत किशनगढ़ की सरपंच एवं प्रशासक पिंकी देवी मीणा को राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर से बड़ी राहत मिली है। न्यायालय ने बीती 1 सितंबर को जारी किए गए निलंबन आदेश की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए उसपर स्थगन आदेश दे दिया है।

अदालत का आदेश मिलते ही पंचायत क्षेत्र में खुशी का माहौल है । ग्रामीणों और समर्थकों ने सरपंच पिंकी देवी मीणा के समर्थन में मिठाई बांटी और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की ।

गौरतलब है कि पूर्व में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर 1 सितंबर को शासन स्तर से निलंबन आदेश जारी किया गया था, जिसके खिलाफ मीणा ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।



# ककरोलिया घाटी में पैंथर का आतंक, तीन दिन में छह बछड़े बने शिकार

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

ककरोलिया घाटी गांव में बीते तीन दिनों से पैंथर के आतंक ने ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों ने बताया को हर रात पैंथर बाड़ों में घुसकर गोवंश के बछड़ों पर हमला कर रहा है और अब तक आधा दर्जन बछड़े इसका शिकार बन चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रात होते ही गांव में पैंथर की चहल कदमी शुरू होती हैं, जिसके चलते ग्रामीण बाहर निकलने से डरने लगे हैं। रामेश्वर जाट ने बताया कि पैंथर लगातार तीन रातों से एक-एक बछड़े को मार रहा है। वहीं, उप प्रधान कैलाश सुथार और प्रशासक प्रतिनिधि कमलेश जाट ने घटना की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी है

ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव और आसपास के क्षेत्र में तत्काल पिंजरा लगाकर पैंथर का रेस्क्यू करने की मांग की है ।

# 13 साल से फरार 5 हजार रुपये का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुलिस थाना सुभाषनगर की टीम ने 13 साल से फरार और 5 हजार रुपये के ईनामी अपराधी कालू लाल सुथार पिता मांगीलाल सुथार निवासी आरजिया, सुभाष नगर को गिरफ्तार किया है ।

जानकारी के अनुसार, कालू लाल सुथार पर सुभाषनगर थाने में 2012 का मुकदमा दर्ज था। आरोपी आरजिया रोड सुभाषनगर का निवासी है और 13 वर्षों से फरार था। उसे पकड़ने के लिए गठित टीम ने लगातार प्रयास किए और थानाधिकारी के निर्देशन में आरोपी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी सुभाषनगर शिवराज गुर्जर, डीएसटी टीम प्रभारी राजपाल सिंह, एचसी ओमप्रकाश चौधरी और साईबर सेल के एचसी सत्यनारायण शर्मा शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपी कालू लाल सुथार को अब कानूनी कार्रवाई के लिए आगे की प्रक्रिया हेतु न्यायालय में पेश किया जाएगा।



# पुलिस ने 24 घंटे में किया मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा ।

थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपी से चोरी की मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान बरामद किया ।

थानाधिकारी पुरण मल मीणा ने बताया की जैतारण पाली निवासी पीड़ित मंगलाराम ने शनिवार को थाने में एक रिपोर्ट दी थी , जिसमे पीड़ित ने बताया की एक फैक्टरी में सोते समय रात को चोर उसकी बाइक , दो टॉर्च, तीन एलईडी लाइट , लौहे की चक्री, तांबे का तार का बंडल चोरी कर ले गए । उसने फैक्टरी पर काम करने वाले कैलाश सिंह पुत्र नाथु सिंह, निवासी तलाई बरार, जिला राजसमंद, पर संदेह जताया।

पुलिस टीम ने जांच कर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिरों और मोबाइल सीडीआर के विश्लेषण से आरोपी तक पहुंच बनाई। 24 घंटे में आरोपी कैलाश सिंह को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल, दो टॉर्च, तीन एलईडी और लौहे-तांबे का सामान बरामद किया है ।



# नेशनल हाईवे 158 पर दो सड़क हादसे, एक की मौत, एक घायल

भीलवाड़ा फोकस @ बदनौर

क्षेत्र के नेशनल हाईवे 158 पर रविवार देर रात दो अलग-अलग जगहों पर सड़क हादसे की घटनाओं ने इलाके में सनसनी फैला दी।

जानकारी के अनुसार, पहले हादसे में बदनौर चौराहे पर कार और बाइक की टक्कर से बिछुड़दा निवासी डालू सिंह 40 वर्ष गंभीर घायल हो गया । घायल डालू सिंह को तुरंत एम्बुलेंस से बदनौर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई नारायण सिंह की शिकायत पर पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। नारायण सिंह ने बताया कि उनका भाई एक मेहनती किसान था और अपने दो बेटों राजेश , रितेश और बेटी कविता का पालन-पोषण कर रहा था। दूसरा हादसा परा बालाजी मंदिर के पास हुआ, जहां ब्यावर की ओर से आ रहे ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगाया। पीछे से आ रहा ट्रक संतुलन खोकर ट्रेलर में जा घुसा। राहगीरों और होटल संचालकों की सूचना पर पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। केबिन को काटकर एक घंटे की मशक्कत के बाद घायल चालक भेरूलाल 32 को बाहर निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसींद भेजा गया। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है





## QUICK BITES

### शोक्या खेड़ा हनुमान मंदिर में नवरात्रि स्थापना संग अंखंड रामायण पाठ का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ सावर।



प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में सोमवार को नवरात्रि स्थापना के अवसर पर अंखंड रामायण पाठ का भव्य शुभारंभ हुआ। वृंदावन से पधारे संत रामप्रिय दास महाराज के सान्निध्य में दोपहर 12=15 बजे पावन मुहूर्त पर यह आयोजन आरंभ हुआ।

मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से सराबोर रहा। महिलाओं ने मंगल गीत गाए, चारभुजा मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा हनुमान मंदिर तक पहुँची और श्रद्धालुओं ने इसे भव्य बनाया। पूरे नवरात्रि महापर्व के दौरान यह अंखंड रामायण पाठ निरंतर जारी रहेगा। बालाजी मंदिर के पुजारी सत्यनारायण वैष्णव, पुजारी रामकिशन महाराज सहित सैकड़ों श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए।

### मांडलगढ़ के शक्तिपीठों पर वैदिक मंत्रोचार के साथ हुई घट स्थापना

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



क्षेत्र के समस्त शक्तिपीठों पर सोमवार को सुबह से ही वैदिक मंत्रोचार के साथ घट स्थापना की गई। श्रद्धालुओं की आस्था का यह पर्व आगामी 9 दिनों तक विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ संपन्न होगा।

श्री बाणमाता शक्तिपीठ, श्री बिजासन माता, श्री खेड़ाखूट माता, श्री कंकाली माता, श्री बीसोत माता सहित अन्य शक्तिपीठों में नवरात्रि उत्सव की शुरुआत हो चुकी है। गली-मोहल्लों में डांडियों की गूंज और भजन-कीर्तन का माहौल बन गया है।

पंचमी और अष्टमी को विशेष रात्रि जागरण के साथ भजन संध्या आयोजित होगी। नवमी के दिन शोभा यात्राओं के साथ पाती विसर्जन कर नवरात्रि की पूर्णाहुति होगी।

### रंगताली गरबा महोत्सव का हुआ समापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नगर माहेश्वरी महिला संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय गरबा महोत्सव रंगताली का समापन 22 सितंबर की रात हुआ। रामेश्वरम हरणी महादेव रोड स्थित मैदान में आयोजित कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों की गूंज और झूमते गरबा प्रेमियों के बीच उत्सव का आनंद देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम में विभिन्न टीमों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जबकि किड्स, गर्ल्स, बॉयज, लेडीज़, कपल और फैमिली राउंड्स में प्रतिभागियों को बेस्ट स्टेप, बेस्ट ड्रेसअप और बेस्ट परफॉर्मेंस के पुरस्कार भी दिए गए। राष्ट्रीय और स्थानीय गणमान्य अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना की। अंतिम क्षणों में लाइव गरबा की थाप पर पूरा मैदान थिरक उठा और दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुँच गया। आयोजन ने भक्ति और संस्कृति का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# नवरात्र विशेष : नला का माताजी मंदिर संतान सुख का वरदान और आस्था का अद्भुत केंद्र

**700 साल पुराने इस शक्तिपीठ में नवरात्र के अवसर पर प्रतिदिन विशेष श्रृंगार, भक्तों की मनोकामनाएं होती हैं पूर्ण**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।





**नरेश धाकड़।** आश्विन नवरात्र के अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के किनारे स्थित 700 साल पुराने नला का माताजी मंदिर में इन दिनों भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। पहाड़ी पर बसा यह प्राचीन शक्तिपीठ क्षेत्र ही नहीं, बल्कि हाड़ौती और ऊपरमाल के हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार निःसंतान दंपत्ति यहां संतान सुख की कामना लेकर आते हैं और माता की कृपा से उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इच्छा पूर्ण होने पर भक्त माता को चांदी का पालना अर्पित करते हैं। यही कारण है कि मंदिर में सैकड़ों की संख्या में चांदी और लकड़ी के पालने मौजूद हैं, जो माता की कृपा के जीवंत साक्ष्य माने जाते हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर में प्रतिदिन माता का विशेष श्रृंगार और पूजा-अर्चना होती है। भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में भोजन और ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु यहां दिनभर माता के दरबार में दर्शन कर अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

मंदिर का इतिहास भी उतना ही रोचक है। कहा जाता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व माता ने स्वप्न में भील जाति के एक व्यक्ति को इस गुफा में मूर्ति स्थापित करने का आदेश दिया था। तभी से यह मंदिर स्थापित हुआ और तब से उनके वंशज ही सेवा कार्य में जुटे हैं। श्रद्धालु मानते हैं कि यहां पूजा करने से मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। नवरात्र महोत्सव के आयोजन और व्यवस्थाओं की देखरेख अध्यक्ष शंकरलाल धाकड़ के नेतृत्व में की जा रही है। उनके साथ सादरमजी खेड़ा सरपंच कैलाश धाकड़, विक्रमपुरा के पूर्व सरपंच मुकेश धाकड़, राजू मीणा, शंकर मेहता, जीतमल धाकड़, सुगनलाल धाकड़, अनिल धाकड़, प्रेमचंद मीणा, प्रकाश गुर्जर, रोहित यादव और शांतिलाल धाकड़ सहित कई लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# गांवों में घटस्थापना के साथ नवरात्र महोत्सव प्रारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।



**(जसवंत पारीक)** कस्बे सहित आसपास के गांवों में सोमवार को शक्तिपीठों पर घटस्थापना के साथ ही नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हुआ। श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में पूरे क्षेत्र में उत्सव की शुरुआत हुई।

कस्बे में मुख्य आयोजन दुर्गा महोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को दोपहर 12=15 बजे पंडित ओम राजस्थला ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच छलमहाराणी मंदिर में दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना करवाई। इसी के साथ नवरात्र महोत्सव औपचारिक रूप से प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर पुजारी दुर्गा लाल माली, नारायण तेली, रोशन तेली, किशन सेन, सुनील राजस्थला सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव प्रारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**राजेंद्र बबलू पोखरना ।** शारदीय नवरात्र महोत्सव का आगाज सोमवार सुबह शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ किया गया। मुख्यालय स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर में अखण्ड रामधुन की शुरुआत हुई, तो वहीं कोटड़ी क्षेत्र के चोथमाता, बोरड़ा माता, झांतला माता, चावंडा माता, गंहूली माता जावल, भाजपुर माता सहित अनेक शक्तिपीठों और देवालयों में विशेष श्रृंगार व आरती कार्यक्रम प्रारंभ हुए। नवरात्र के पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माताजी के दरबार में मत्था टेकने पहुंचे। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है और वातावरण में भक्ति का उत्साह जी है। इस अवसर पर असाध्य रोगों से निजात पाने की कामना लेकर कई भक्त माताजी के स्थानों पर डेरा जमाए हुए हैं। विशेष आस्था रखने वाले श्रद्धालु पूरे दस दिनों तक माताजी के दरबार में रहकर पूजा-अर्चना, व्रत और अनुष्ठान करेंगे।

# सिद्धिदात्री शक्तिपीठ का 11 दिवसीय नवरात्र महोत्सव शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**(पेसवानी)।** मां सिद्धिदात्री शक्तिपीठ मंदिर में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ 11 दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सुबह 9.15 बजे विधायक अशोक कोठारी ने कलश यात्रा को रवाना किया। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर माता के जयकारों के साथ बड़लेश्वर मंदिर से यात्रा प्रारंभ कर मुख्य मार्गों से होती हुई सिद्धिदात्री धाम पहुंचीं।


दोपहर 12.15 बजे अभिजीत मुहूर्त में मंदिर प्रांगण में घट स्थापना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति की छटा देखते ही बनती थी। शाम को बनेड़ा के महाकाल ग्रुप द्वारा महाकाल आरती का आयोजन हुआ।

महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, स्वागत प्रभारी कैलाश सोनी सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी, सदस्य और महिला मंडल की कार्यकर्ता मौजूद रहीं। इस आयोजन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और मंदिर प्रांगण भक्ति और आस्था से सराबोर हो गया।

नवरात्रि महोत्सव 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा। इस दौरान नानी बाई का मायरा, श्रीनाथजी मेवाड़ पदार्पण लीला, श्री सांवलिया सेठ प्राकट्य कथा, श्रीकृष्ण लीला नाट्य मंचन, दुर्गा सप्तशती महिमा कथा, मेवाड़ का प्रसिद्ध गवरी नृत्य, कन्या पूजन, महाप्रसादी और विशाल भजन संध्या जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंतिम दिन जवारा विसर्जन और माता की ज्योति का बस्ती भ्रमण

# जागेश्वर महादेव में 108 पाठकों के साथ रामचरितमानस पाठ शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां



**मानव तिवाड़ी ।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर कस्बे में श्री फलाहारी जी महाराज की पुण्य स्मृति में जागेश्वर महादेव मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन सुबह 7=30 बजे 108 पाठक एक साथ रामचरितमानस का नवाह्न पारायण कर रहे हैं।

पाठ के दौरान प्रत्येक दोहा और चौपाई पर हवन में आहुतियां दी जा रही हैं। इसके अलावा दोपहर 2 बजे पंडित ओमप्रकाश वैष्णव द्वारा कथा का वाचन भी किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस कार्यक्रम में पंडितों की बजाय कस्बे के ही 108 पाठक रामचरितमानस का पाठ कर रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन श्रीरामचरितमानस महामंडल के तत्वावधान में किया जा रहा है और इसकी पूर्णाहुति 1 अक्टूबर को होगी।

# मांडलगढ़ के भाजपा पदाधिकारियों ने देखी चलो जीते है डॉक्यूमेंट्री

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मोदी जी की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री चलो जीते हैं देखी। कार्यक्रम का आयोजन रिलायंस थिएटर, भीलवाड़ा में किया गया। इस



अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जिला एवं मंडलों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक खंडेलवाल ने कहा कि इस फिल्म का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना है, ताकि वे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

# कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित , कुलदीप बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पेसवानी।** नवरात्रि के पावन अवसर पर सोमवार को राजस्थान एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की भीलवाड़ा जिला शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन टंकी के बालाजी मंदिर परिसर में हुआ। कार्यक्रम संरक्षक ओमप्रकाश लामरोड़ और प्रदेश अध्यक्ष राजेश बैंसला के निर्देशानुसार प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश मीणा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

गठन के दौरान सर्वसम्मति से



कुलदीप सुवालका को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं उपाध्यक्ष सीमा जैन, सचिव अमन शर्मा, कोषाध्यक्ष दीपक व्यास, मीडिया प्रभारी गणेश मीणा, महामंत्री जितेंद्र शर्मा और मंत्री पद पर राजेंद्र खटीक को जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप सुवालका ने कहा कि संगठन की मजबूती और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के हितों की रक्षा के लिए नई कार्यकारिणी सक्रिय रूप से कार्य करेगी। सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने भी एकजुट होकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के हितों में कार्य करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर जिले के सभी ब्लॉकों से बड़ी संख्या में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# काछोला में महाराणा प्रताप स्मारक का भूमि पूजन संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

कस्बे में बस स्टैंड पर प्रस्तावित महाराणा प्रताप के भव्य स्मारक का भूमि पूजन सोमवार सुबह वैदिक मंत्रोच्चार और विधिविधान के साथ सम्पन्न हुआ। नवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्मारक में महाराणा प्रताप की प्रतिमा उनके प्रिय अश्व चेतक पर विराजमान स्वरूप में स्थापित की जाएगी। स्मारक के संरक्षक ठाकुर प्रदीप सिंह सोलंकी ने बताया कि यह स्मारक भावी पीढ़ियों के लिए शौर्य और बलिदान की प्रेरणा का केंद्र बनेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पंडितों ने स्थल का शुद्धिकरण कर पूजा अर्चना संपन्न की।

ग्राम पंचायत प्रशासक रामपाल बलाई ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल इतिहास के नायक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के आदर्श हैं।ल। कार्यक्रम में



काछोला प्रशासक, पूर्व विधायक प्रत्याशी कान सिंह ओस्तवाल, संपत सिंह सोलंकी, भगवान सिंह, विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

# सड़कें और पुलिया बेहाल, कहां है डबल इंजन की सरकार?

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**(नरेश धाकड़)।** खनिज संपदा से समृद्ध उपखंड मुख्यालय में प्रवेश करते ही लोगों का सामना जर्जर सड़कों और टूटी पुलियाओं से होता है। क्षेत्रवासी और वाहन चालक लंबे समय से इन समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

नगर में आने-जाने वाले लोगों का कहना है कि जगह-जगह सड़कें उखड़ी हुई हैं और पुलियाओं की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलने वालों से लेकर वाहन चालकों तक को खतरे का सामना करना पड़ता है। आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। पार्श्वनाथ पुलिया और पलकी नदी की पुलिया सहित कई स्थानों पर हालात बेहद दयनीय हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि क्षेत्र प्रदेश का प्रमुख खनिज क्षेत्र है, जहां से सरकार को भारी राजस्व जाता है। इसके बावजूद यहां की सड़कों की मरम्मत और पुलियाओं के निर्माण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों और वाहन चालकों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से



जल्द क्षेत्र की सड़कें और पुलिया दुरुस्त की जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके और आने-जाने में परेशानी न हो

# सिंधी समाज ने 35 डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों का किया सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पेसवानी)।** पूज्य दादा हेमराजमल साहब सेवा समिति के तत्वावधान में नाथद्वारा सराय स्थित झूलेलाल सनातन मंदिर परिसर में सिंधु रत्न अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। इसमें सिंधी समाज के 35 डॉक्टरों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सिंधु रत्न प्राइड सम्मान से अलंकृत किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वर्षा अशोक सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, अतिरिक्त कलेक्टर प्रतिभा देवथिया सहित कई गणमान्यजन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष रमेश सभनानी ने की।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि सिंधी समाज सेवा व सनातन परंपराओं को जीवित रखने में सदैव अग्रणी रहा है।




सम्मान समारोह में भीलवाड़ा सहित गुलाबपुरा, चित्तौड़गढ़, बिगोद व शाहपुरा से समाजजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### कोटड़ी में 75 पौधे लगाकर मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**



**राजेंद्र बबलू पोखरना ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन के नेतृत्व में सुरभि वन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 75 पौधे लगाकर प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन मनाया।

कार्यक्रम में पूर्व प्रधान जमनालाल डीडवानिया, मंडल महामंत्री धर्मचंद जीनगर, भाजपा नेता रामस्वरूप गुर्जर, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीकल्याण आचार्य, महामंत्री राघव आचार्य, प्रकाश गाडरी, प्रभू बैरवा, भैरू शर्मा, देवराज जाट, बाला तेली, विनोद तेली, कैलाश जाट, उदयलाल तेली सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और महिला प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मांडल विधायक ने निजी वाहन से मरीज को पहुंचाया जिला चिकित्सालय

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।**

कस्बे के बस स्टैंड पर सोमवार को अचानक स्वास्थ्य खराब होने से एक टेम्पो चालक, बाल किशन (25), जिंदगी और मौत के बीच जूझता रहा। 108 एंबुलेंस उपलब्ध न होने पर मौके पर मांडल विधायक उदय लाल भड़ाना पहुंचे। उन्होंने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए अपने निजी वाहन से मरीज को जिला चिकित्सालय भिजवाया।

मरीज अपनी पत्नी, छोटे बच्चे और भाई के साथ मांडल आया था। देर से एंबुलेंस मिलने के कारण ग्रामीणों ने चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल उठाए। मौके पर डॉक्टर पीयूष और ऑन कॉल डॉ. रोहित सराफ ने उपचार उपलब्ध कराया ।

### दीपावली से पूर्व बिजली लाइनों के रखरखाव के चलते आज से होगी विद्युत कटौती

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

दीपावली पर्व पर ग्रामीणों और कस्बेवासियों को लगातार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक विद्युत लाइनों के रखरखाव और कार्य के चलते 23 सितम्बर मंगलवार से कार्य पूर्ण होने तक सुबह 7 बजे से 9 बजे तक प्रतिदिन कस्बे में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

सहायक अभियंता ललित मेवाड़ा ने बताया कि आगामी त्योहार को देखते हुए यह कार्य विद्युत प्रणाली की सुरक्षा और सुचारू आपूर्ति के लिए अनिवार्य है। इस दौरान विधुत लाइनों, एलटी इत्यादि का मेंटेनेंस किया जाएगा ।

### सवाई माधोपुर से बूंदी होते हुए सांवरिया जी के लिए नई बस सेवा शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

यात्रियों की सुविधा के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने सवाई माधोपुर से बूंदी होते हुए सांवरिया सेठ धाम तक नई बस सेवा की शुरुआत की है। यह सेवा सोमवार से नियमित रूप से शुरू की गई है ।

निगम द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार बस सवाई माधोपुर से दोपहर 12.30 बजे रवाना होगी और रास्ते में उनियारा 1.30 बजे, नैनवा 2.15 बजे , बूंदी 4.10 बजे, बिजौलियां 5.45 बजे और चित्तौड़गढ़ 8 बजे होते हुए रात 9 बजे सांवरिया जी पहुंचेगी। वहीं वापसी में बस सांवरिया जी से सुबह 8.20 बजे रवाना होकर चित्तौड़गढ़ 9.15 बजे, बिजौलियां 11.15 बजे, बूंदी 1 , नैनवा 3.15 बजे और उनियारा 3.45 बजे होते हुए शाम 4¬45 बजे सवाई माधोपुर पहुंचेगी।

### कन्हैयालाल का हॉकी में राज्य स्तर पर चयन, जिले का गौरव बढ़ाया

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



(सांवर वैष्णव)। कस्बे के निकटवर्ती रेड़वास ग्राम पंचायत क्षेत्र के बलिया खेड़ा गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र कन्हैयालाल जाट का हॉकी में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि से ग्रामीणों और हॉकी प्रेमियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

प्रधानाचार्य फरीदा बानो मेवाती और ग्रामीणों ने छात्र का स्वागत सम्मान किया। शारीरिक शिक्षक अभिषेक श्रोत्रिय ने बताया कि हाल ही संपन्न हुई 14 वर्षीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण कन्हैयालाल जाट को राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए चुना गया। छात्र 25 सितंबर से 27 सितंबर तक राउमावि खामोर में आयोजित पूर्व प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेगा। इसके बाद 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आदर्श बाल विद्या मंदिर सोलंकिया, सिवाणा, बालोतरा में आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगा ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।